सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-चार	विषय:हिंदी	पाठ:16 यही आनंद है

कठिन शब्द

1) आपत्ति
2) आनंद
3) पोषण
4) विवाह
5) आज्ञानुसार
6) झंझट
7) आनंदित
8) मुद्रा
9) छुटकारा
10) स्थिति
11) सदैव
12) पुण्य

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1)व्यक्ति ने संत के पास जाकर क्या इच्छा प्रकट की ?

उत्तर व्यक्ति ने संत के पास जाकर उनके पास रहने की इच्छा प्रकट की ताकि उनकी कृपा से वह सदा आनंद में रह सके ।

प्रश्न2)संत की आज्ञा पाकर व्यक्ति ने क्या करना शुरू कर दिया ?

उत्तर संत की आज्ञा पाकर व्यक्ति ने गाय को चराना तथा उसका दूध पीना शुरू कर दिया ।

प्रश्न 3) गाय के चले जाने के बाद संत ने व्यक्ति को क्या करने का सुझाव दिया ?

उत्तर गाय के चले जाने के बाद संत ने व्यक्ति को गाँव से आटा माँगने तथा रोटी बनाने और खाने का सुझाव दिया ।

प्रश्न 4 संत ने व्यक्ति को क्या सीख दी ?

उत्तर संत ने व्यक्ति को यह सीख दी कि मनुष्य को प्रत्येक स्थिति में खुश रहना चाहिए ।जो ऐसा करता है, वो हमेशा आनंदित रहता है ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1) संत ने व्यक्ति को गाय देकर क्या कहा?

उत्तर संत ने व्यक्ति को गाय देकर कहा , तुम इस गाय को चरा लिया करो और उसका दूध भी पी लिया करो गाय की सेवा भी हो जाएगी और तुम्हारा पोषण भी होता रहेगा ।साथ ही तुम्हें बहुत आनंद मिलेगा ।

प्रश्न2) गाय के चले जाने पर दुखी व्यक्ति को संत ने क्या समझाया?

उत्तर गाय के चले जाने पर दुखी व्यक्ति को संत ने समझाया कि उसे दुखी होने की जरूरत नहीं ,उसे तो अब और आनंदित होना चाहिए ।गाय के गायब होने से सारा झंझट ही मिट गया ।अब वह आराम से रहे ।

प्रश्न 3)गाय के लौट आने पर दुखी व्यक्ति को संत ने क्या समझाया?

उत्तर गाय के लौट आने पर दुखी व्यक्ति को संत ने समझाया कि तुम्हें तो खुश होना चाहिए , माँगने का झंझट खत्म । माँगना मरने के समान है । रोटी बनाने से छुटकारा मिला । अब गाय को जंगल में चराओ पुण्य कमाओ, दूध पियो और आनंद में रहो ।

प्रश्न 4 संत द्वारा बताई गई युक्ति से व्यक्ति ने अपनी खुशी क्या कहकर प्रकट की ?

उत्तर संत द्वारा बताई गई युक्ति से प्रसन्न व्यक्ति ने अपनी खुशी यह कहकर प्रकट ही कि महाराज ने उसे बहुत अच्छा तरीका बताया है । वैसे भी वह दिन भर गाय के पीछे-पीछे घूमते घूमते थक जाता था ,और किसी किसी दिन तो उसके दूध न देने के कारण उसे भूखा ही रहना पड़ता था ।

प्रश्न 5) अंत में शिष्य ने संत से क्या प्रश्न किया ?

उत्तर अंत में शिष्य ने संत से यह प्रश्न किया कि जब गाय चली गई आपने तब भी कहा अच्छा है, और गाय के वापस लौटने पर भी आपने कहा अच्छा है ,ऐसा क्यों ?

रिक्त स्थान भरिए ।

1)गाय की गायब होने से सारा <u>झंझट</u> मिट गया ।

2)उसे व्यक्ति को गाय की <u>सेवा</u> करते हुए कई दिन बीत गए ।

3)<u>मनुष्य</u> को प्रत्येक स्थिति में सदैव खुश रहना चाहिए ।

4)तुम अपने पास रखने में मुझे कोई <u>आपत्ति</u> नहीं है ।

5)वह व्यक्ति नहीं माना और संत के साथ रहने की <u>ज़िद्द</u> करने लगा ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य स्वयं बनाइए ।

1)आपत्ति- कष्ट

2)पोषण - पोषक तत्व को प्राप्त करना

3)आनंद - मन का सुख

4) झंझट - मुसीबत

5)पुण्य - पवित्र